भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1722
उत्तर देने की तारीख 08 दिसम्बर, 2021

डाकघर के लिए नया भवन

1722. श्री गोपाल शेट्टी :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या महाराष्ट्र में मुंबई के एक महत्वपूर्ण उप-नगर गोरेगांव में वर्ष 2009 में डाकघर के लिए एक नए भवन का उद्घाटन किया गया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या वर्ष 2009 में गोरेगांव में डाकघर के लिए उद्घाटन किए गए भवन को वर्ष 2015 में जीर्ण-शीर्ण/बेकार घोषित कर दिया गया था;

(घ) क्या सरकार ने उक्त भवन के कुछ वर्षों के भीतर ही जीर्ण-शीर्ण/बेकार होने के संबंध में कोई जांच की है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) जी, नहीं।

(ख) से (च) उपरोक्त (क) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

*****